आज

धनबाद

कतरास में खुली एचडीएफसी बैंक की शाखा

कतरास। कतरास एलआईसी आफिस के सामने में एचडीएफसी बैंक कतरास शाखा का उद्घाटन धनबाद जिला चेम्बर अध्यक्ष चेतन गोयनका, एचडीएफसी बैंक के धनबाद क्लस्टर रोहित कुमार सिंह, कतरास शाखा प्रबंधक आलोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह, पूर्व पार्षद हरिप्रसाद अग्रवाल, कतरास चेम्बर के अध्यक्ष उदय वर्मा, सचिव मनोज गुप्ता, विष्णु चौरसिया व अन्य थे।

आंचलिक क्षेत्र

फुटपाथी दुकानों में लगी भीषण आग, दस दुकान जलकर राख

गिरिडीह। बगोदर बाजार में सुबह पांच बजे फुटपाथी दुकान में अचानक आगजनी की घटना घटी है। बगोदर बाजार में पुरानी जीटी रोड पर कई फुटपाथ दुकान है। एक बैग दुकान, एक फल दुकान सहित करीब दस दुकानों में अचनाक आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि सभी की दुकानों को अपने चपेट में ले लिया।

आग से दुकानों में रखे सामान भी ब्लास्ट कर रहे थे। सभी दुकानों को मिलाकर करीब 30 लाख रुपये के सामान जल गया। आग को बुझाने के लिए स्थानीय पुलिस और ग्रामीण भी जुट गये। बढ़ते आगजनी को लेकर अपनी दुकाना. ें को भी लोग हटा रहे थे। आग कैसे लगी? इसका पता नही चल पाया है। मौके पर बगोदर सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय कुमार राम, थाना प्रभारी सुख सागर सिंह चौधरी पहुंचकर आगजनी की जानकारी ली। काफी देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

चोरों ने बंद घर में किया हाथ साफ
होली मनाने गांव गया था पूरा परिवार

गिरिडीह। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह स्थित पटेल नगर में चोरों ने एक बंद घर को अपना निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात, दो एलईडी समेत अन्य सामान और 15 हजार रुपये नगद पर हाथ साफ कर लिया है। घटना के बारे में गृहस्वामी को तब पता चला, जब वह गांव से होली का पर्व मनाकर वापस लौटे। गृहस्वामी सिविल कोर्ट के कर्मी राजदेव रजक ने बताया कि होली का त्योहार मनाने वह अपने पूरे परिवार के साथ चतरो स्थित अपने गांव गए हुए थे। चार दिन बाद जब वह गांव से वापस लौटे, तो देखा कि ग्रील का छिटकनी टूटा हुआ है और घर में चोरी हो गयी है। लोगों ने बताया कि बीते दो महीने के अंदर इस इलाके में चोरी की आठ घटना घट चुकी है। मगर पुलिस अब तक मूकदर्शक बनी हुई है।

दिलीप घोष के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

दुर्गापुर। दुर्गापुर के एमएएमसी विश्वकर्मा नगर हाउसिंग निवासी गृहिणी काजल दास ने बर्दवान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष द्वारा ममता बनर्जी पर की गयी अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ दुर्गापुर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने कहा मैं एक महिला हूं। मैंने एक महिला मुख्यमंत्री पर ऐसी भद्दी टिप्पणी करने के खिलाफ आवाज उठायी है। भाजपा विधायक लक्ष्मण चंद्र घरुई ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा शिकायतकर्ता तृणमूल नेता है। यह जमीनीस्तर की साजिश है। संदेशखाली की घटना में वह कहां थे?

केएन बक्शी कालेज में सेमिनार

गिरिडीह। केएन बक्शी कालेज आफ एजुकेशन बेंगाबाद में सेमिनार किया गया। शिक्षा में सूचना एंव संचार प्रौद्योगिकी की भूमिका था। शुभारंभ केएन बक्शी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) शिक्षा का वह तरीका है, जो सूचना के वितरण का समर्थन, संवर्द्धन और अनुक. ूलन करने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है। दुनियाभर में किए गये शोध से पता चला है कि आईसीटी से छात्र सीखने और बेहतर शिक्षणविधियों में सुधार हो सकता है। डा. राजेश रविदास ने बताया कि सूचना एंव संचार प्रौद्योगिकी हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, जिससे हम छुटकारा नहीं पा सकते। यह शिक्षा को बेहतर और सुगम बनाने का कार्य करता है। सेमिनार के विषय को सभी शिक्षकों एवं बीएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पीपीटी से स्मार्ट क्लास रूम में संचालित किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य बिनोद कुमार सुमन, प्रो. पवन कुमार सुमन, प्रो. नीलेश लकड़ा, प्रो.मदन कुमार, प्रो. नूतन शर्मा, डा. संतोष कुमार यादव, प्रो. रेशमा अग्रवाल, प्रो. रीना साव एवं बीएड प्रशिक्षणार्थी नीरज कुमार, अनुराग राणा, धीरज कुमार, प्रदीप कुमार, निक्की कुमारी, नजमा नुसरत, सोनी कुमारी, मनोज कुद्र पांडेय, आवेश अकरम व अन्य रहे।

दुर्गापुर ननि के पूर्व चेयरमैन मृगेन पाल का निधन

दुर्गापुर। दुर्गापुर नगर निगम के पूर्व चेयरमैन मृगेन्द्र नाथ उर्फ मृगेन पाल गुरुवार दोपहर को दुर्गापुर के विधाननगर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मृगेन्द्र नाथ पाल को पांच-छह दिन पहले उनकी बिगड़ती शारीरिक स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह दुर्गापुर नगर निगम के वार्ड नंबर आठ के निवर्तमान पार्षद थे। मृगेन्द्र नाथ पाल लगातार दो बार पार्षद चुने गये। मृगेन्द्र नाथ पाल को सुब्रत बाबू का अनुयायी माना जाता है। मृगेन बाबू एसपी कारखानों में श्रमिक राजनीति में अभिन्न रूप से शामिल थे। हालांकि उनका जन्म बांकुड़ा जिले में हुआ था, फिर भी वह लंबे समय तक अपने परिवार के साथ दुर्गापुर स्टील टाउनशिप में हर्षवर्द्धन रोड पर दुर्गापुर स्टील फैक्ट्री के आवास में रहे। लोकसभा चुनाव से पहले मृगेन्द्र नाथ पाल के निधन पर तृणमूल कांग्रेस ने शोक जताया। कई साल पहले उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। तभी से शारीरिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं चल रही थी। वह 75 वर्ष के थे। दुर्गापुर के निजी अस्पताल के अनुसार मृगेन्द्र नाथ पाल को असाध्य कैंसर हो गया था। वह काफी समय से परेशान चल रहे थे। बेहद गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था।

मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में बदलाव

आसनसोल। रेलवे ने 01.04.2024 के प्रभाव से पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर निम्नलिखित 10 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनोंके समय-सारणी में संशोधन किया है। 13319 दुमका-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस धनबाद 08:32 के बजाय 08:37, गोमो 09:05 के बजाय 09:25, तेलो 09:35 के बजाय 09:37, चंद्रपुरा 09:45 के बजाय 09:47, 12321 हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी मेल धनबाद 03:40 के बजाय 03:45, गोमो 04:09 के बजाय 04:14, पारसनाथ 04:28 के बजाय 04:30, हजारीबाग 04:50 के बजाय 04:52, परसाबाद 05:03 के बजाय 05:05, कोडरमा 05:21 के बजाय 05:23, 13403 भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस धनबाद 23:25 के बजाय 23:30, 18619 रांची-गोड्डा इंटरसिटी एक्सप्रेस धनबाद 01:55 के बजाय 02:00, 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस सिंगरौली 06:15 के बजाय 06:25, 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस सिंगरौली 04:52 के बजाय 04:57, 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस सिंगरौली 04:52 के बजाय 04:57, 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस सिंगरौली 04:55 के बजाय 05:05, 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस सिंगरौली 21:40 के बजाय 21:45, 19413 अहमदाबाद एक्सप्रेस-कोलकाता सिंगरौली 21:40 के बजाय 21:45 पहुंचेगी।

जीरो सिम में आवास का छज्जा गिरने से कर्मी की पत्नी घायल

कतरास। सिजुआ क्षेत्र के तेतुलमारी कोलियरी अंतर्गत जीरो सिम में कंपनी के क्वाटर संख्या एनएच 219 का छज्जा गिरने से कोलकर्मी की पत्नी घायल हो गयी। कोलकर्मी बनवारी भुइयां इलाज के लिए कोलकाता में भर्ती है। बीसीसीएल कर्मी के जीरो शिम तेतुलमारी स्थित कंपनी आवास संख्या एनएच-219 का छज्जा गिरने से कर्मी की पत्नी अन्नू देवी को आंशिक चोट लगी। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे जोरदार आवाज के साथ अचानक छज्जा गिर गया। सीलिंग फैन भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। अन्नू देवी ने बताया कि कई बार आवे. दन देने के बाद कार्य नहीं हुआ, तो जर्जर आवास को पिछले वर्ष अपने निजी मद से मरम्मत करवाया था। कर्मी सह पति इलाज के लिए एक सप्ताह पूर्व से कोलकाता गये हुये है।

आज और रविवार को खुलेगा बिजली कार्यालय

गोविंदपुर। गोविंदपुर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के आमाघाटा, बरवाअड्डा एवं टुंडी बिजली कार्यालय गुड फ्राइडे शुक्रवार एवं 31 मार्च रविवार को भी खुले रहेंगे। गोविंदपुर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक विद्युत अभियंता मुकुल कुमार ने बताया कि के उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा करने को लेकर तीनों स्थानों के बिल काउंटर बंदी के दिन भी खुले रहेंगे। इससे उपभोक्ताओं को मार्च तक का बिल जमा करने में सुविधा होगी। कार्यपालक अभियंता ने बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि अपना बकाया बिजली बिल कार्यालय काउंटर में भी और आनलाइन पेमेंट का उपयोग भी कर सकते हैं।

कालाडीह, कई स्थानों पर फटा पानी पाइप
जलसंकट से परेशान लोगों ने कराया वेल्डिंग

गोविंदपुर। मैथन जलापूर्ति योजना का पाइप गोविंदपुर इलाके में कालाडीह समेत कई स्थानों पर फट गया है और इससे पानी व्यर्थ बह रहा है। दूसरी ओर गोविंदपुर के पानी उपभोक्ता जलसंकट से त्रस्त हैं। पानी के लिए पूरे इलाके में गर्मी के शुरुआत के साथ हाय-तौबा मच गयी है। उपभोक्ताओं द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा पानी की बर्बादी रोकने की दिशा में कोई काररवाई नहीं की जा रही है। पानी की बर्बादी रोकने के लिए वीरेंद्र रजक, पप्पू विश्वकर्मा, गोवर्धन गोराईं, पिंटू विश्वकर्मा, जेनरेटर, वेल्डिंग मशीन व अन्य के साथ कालाडीह पहुंचे और पाइप लीकेज का वेल्डिंग कराया। इससे पानी का व्यर्थ बहना बंद हुआ। नियमित जलापूर्ति नहीं होने से गोविंदपुर पूर्वी, गोविंदपुर पश्चिमी, अमरपुर एवं कर्माटांड़ पंचायत के लोग परेशान हैं। चारों पंचायतों के हजारों उपभोक्ताओं को भीषण जल संकट झेलना पड़ रहा है। त्योहारों में भी लोगों को पानी खरीद कर पीना पड़ता है। जलापूर्ति समस्या के निदान के लिए कई बार गोविंदपुर पश्चिम की मुखिया ममता देवी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल कार्यपालक अभियंता से मिलकर समस्या के समाधान की गुहार लगायी, परंतु इसका कोई लाभ नहीं हुआ। भेलाटांड़ स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी गये। कर्मियों ने बताया कि गोविंदपुर के लिए प्रतिदिन एक एमएलडी पानी दिया जा रहा है। पाइप में लीकेज के कारण पानी में प्रेशर नहीं रहता है। गोविंदपुर तक पूरा पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है।

मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन

लोयाबाद। लोकसभा का चुनाव को लेकर गुरुवार को मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन सेक्टर मजिस्ट्रेट अभय कुमार पांडेय की निगरानी में की गयी। कनकनी हनुमान बाजार बांसजोडा व सेंद्रा के कई बूथों पर मजिस्ट्रेट के साथ लोयाबाद थाना की पुलिस पहुंची। मतदान केन्द्रों का बारिकी से अध्ययन किया गया। पानी-बिजली सहित अन्य सुविधा को देखा गया। उस मतदान क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग जो जेल से जमानत पर छूटे हैं, इन सबको भी जांचा गया। थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बताया कि लगभग सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों पर कई मामलों का सत्यापन किया जा रहा है। लोयाबाद थाना के सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह भी शामिल थे।

रेलनगरी में वोट प्रतिशत बढ़ाने पर कवायद

गोमो। गोमो रेलनगरी में पिछले कई चुनावों में वोट प्रतिशत में आई गिरावट को देखते हुए वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गुरुवार को जिला प्रशासन तोपचांची प्रखंड मुख्यालय में रेल यूनियन ईसीआरकेयू गोमो शाखा के प्रतिनिधिमंडल को मतदान प्रतिशत बढ़ाने व मतदान जागरुकता अभियान चलाने को लेकर विचार-विमर्श कर सलाह लिया गया। रेल यूनियन के नेता पीके सिन्हा ने अपनी बात रखते हुए कहा प्रखंड कार्यालय की ओर से रेल कालोनी में मतदान जागरुकता चलाना चाहिए। पचीस प्रतिशत रेल कर्मचारियों का वोटर लिस्ट में नाम दर्ज नहीं है। संबंधित कर्मचारियों को डोर-टू-डोर सर्वेक्षण कर छुटे हुए रेलकर्मी का नाम दर्ज करना चाहिए। रेल कर्मचारियों के पास समय का अभाव रहता है। बूथ पर जाकर नाम दर्ज नहीं करा पाते हैं। अधिक से अधिक मतदान कराने केलिए रेल कालोनियों में जागरूक अभियान चलाया जाय। रेल यूनियन सहयोग करेगी। तोपचांची सीओ संजय सिंह, बीडीओ फणीश्वर रजवार ने रेल यूनियन ईसीआरकेयू संगठन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। बैठक में कामरेड एके भगत, रुपेश कुमार, रूपलाल एवं किरण मोदक व अन्य थे।

मदर टेरेसा उच्च विद्यालय में सुंदर कांड पाठ

सिंदरी। मदर टेरेसा उच्च विद्यालय रांगामाटीमें रामचरित मानस सुंदरकांड का सस्वर पाठ तथा गायत्री हवन के साथ नये सत्र का शुरुआत गुरुवार को किया गया। पंडित डा. भास्कर झा ने वैदिक अनुष्ठान कराये। हवन कार्य उषा दीदी द्वारा कराया गया। समाजसेवी अंबुज कुमार मंडल द्वारा विद्यालय के दशम वर्ग के मेधावी छात्र सागर मरांडी को 2045 रुपये की पुस्तक प्रदान की गयी। उनके अभिभावक को पठन-पाठन से संबंधित सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए सहायता प्रदान करने की बात कही। पठन-पाठन 1 अप्रैल से शुरू होगा। प्रधानाध्यापक राधेश्याम प्रसाद, उमेश सिन्हा, हरेन्द्र प्रसाद, शोभा दीदी, प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, रिनु व अन्य की सक्रिय भूमिका रही।

हमारा बूथ सबसे मजबूत को करें साकार: पाठक

सिंदरी। भाजपा सिंदरी नगर की बैठक गुरुवार को रोहराबांधा कार्यालय में हुई। अध्यक्षता नगर अधयक्ष अरबिंद पाठक एवं संचालन नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह ने किया। श्री पाठक ने कहा कि सिंदरी के सभी कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को विजयी बनाने लिए कार्यक्षेत्र में जुट जायें। हमारा बूथ सबसे मजबूत के नारे को साकार करना है। बैठक में जिला महामंत्री निताई रजवार, सिंदरी के विस्तारक धर्मेंद्र महथा, राकेश तिवारी, ब्रिजेश सिंह, गणेश महतो, रंजना शर्मा, संजय महतो, राघव तिवारी, मनीष सिन्हा, इंदरजीत सिंह, प्रदीप हाड़ी, अणिमा सिंह, नकुल सिंह, चंद्रावती देवी, ज्ञानमोहन सिंह, अमरेंद्र सिंह, श्यामल अड्डो, चुमकी देवी, कुमार राजेश, गोपी पाल, सपन मंडल, संगीता देवी, गणेश सिंह, सुनीता उपाध्याय, सुनीता घोष, प्रकाश श्रीवास्तव, कमला देवी, आशा देवी, अमित सिंह, राजीव मोदी, ईश्वर यादव, लालबहादुर प्रसाद, सुनील शर्मा व अन्य थे।

जेएमएम नेता ने सेल प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

सिंदरी। जेएमएम धनबाद महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने सेल चासनाला प्रबंधन को 14 सूत्री मांगपत्र गुरुवार को सौंपते हुए कहा कि 7 दिनों के अंदर वार्ता करें। अन्यथा पार्टी काररवाई करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने लिखा है कि वर्ष 2009 में कांड्रा के ग्रामीणों द्वारा टासरा प्रोजेक्ट के खनन कार्य के लिए सेल को जमीन दिया गया था, जिसके एवज में सेल के तत्कालीन महाप्रबंधक और ग्रामीणों के बीच एक मिनट्स पर 24 दिसंबर 2009 को हस्ताक्षर हुआ था। परंतु किसी भी मांग पर अभी तक सकारात्मक पहल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कांड्रा के ग्रामीणों को नि:शुल्क बिजली, पानी की व्यवस्था पाइप लाइन द्वारा करने, सेल चासनाला अस्पताल में ग्रामीणों को चिकित्सा की सुविधा प्रदान करने, सेल के स्थायी कर्मियों के समकक्ष ग्रामीणों के बच्चो को स्कूल में सुविधा उपलब्ध कराने, टासरा रोहराबांध के ग्रामीणों के 224 एकड़ भूमि का एकमुश्त अधिग्रहण करने, टासरा प्रोजेक्ट के विस्थापितों को विस्थापन नीति के अनुसार मकान रोजगार की व्यवस्था करने, टासरा के ग्रामीणों द्वारा 1985 में 36 एकड़ जमीन बीसीसीएल को दिया गया था। पूर्ण मुआवजा और रोजगार बीसीसीएल द्वारा अभी तक नहीं दिया गया है। इसलिए, बीसीसीएल द्वारा अधिकृत जमीन में किसी प्रकार का खनन या अन्य कार्य नहीं किया जाये। टासरा प्रोजेक्ट में केटीएमपीएल द्वारा किये जा रहे कंस्ट्रक्शन कार्य एवं परिवहन कार्य में न्यूनतम वेज एक्ट के तहत दैनिक मजदूरी का भुगतान किए जाने, ग्रामीण विस्थापितों एवं स्थानीयों को स्थायी और संविदा क्षेत्र में 75 फीसदी रोजगार देने सहित अन्य मांगें शामिल है।

एसपी सिटी का सिंदरी अनुमंडल में बैठक

सिंदरी। लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष कराने को लेकर गुरुवार को एसपी सिटी अजीत कुमार ने एसडीपीओ कार्यालय सिंदरी में सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत एवं अन्य अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। एसपी सिटी ने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और बिना भय के हो। चेक पोस्ट को लेकर थाना प्रभारी को ब्रीफ किया जा रहा है। लंबित अनुसंधान को पूर्ण करने की कारवाई की जा रही है। उन्होंने कहा शराब, हथियार, कोयला, नशीली अन्य सामग्री पर पैनी नजर रखी जा रही है। सीमा क्षेत्र पर भी लगातार गाड़ियों की चेकिंग होती रहेगी। अवैध हथियारों को जब्त करने की भी कारवाई की जा रही है।

जेबीवीएनएल ने कराया बीएस प्रसाद प्लास्टिक फैक्ट्री पर 55 हजार नुकसान का मामला दर्ज

पुटकी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के चिरुडीह सब स्टेशन के प्रभार जेई नेहाल आलम ने मेसर्स बीएस प्रसाद प्लास्टिक फैक्ट्री चीरुडीह द्वारा विभाग को 55 हजार का नुकसान किए जाने के खिलाफ पुटकी थाना में मामला दर्ज कराया है। शिकायत में कहा कि चिरुडीह स्थित मेसर्स बीएस प्रसाद के प्लास्टिक फैक्ट्री में मंगलवार को शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण विभाग के पुटकी-कपूरिया 11 हजार फीडर एवं केन्द्रीय विद्युत भंडार से 11 हजार फीडर को क्षति हुई है। जिससे करीब 55 हजार का नुकसान विभाग को हुआ है। विदित हो कि धनबाद-बोकारो सड़क पर चिरुडीह पुटकी स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगने से मेसर्स बीएस प्रसाद प्लास्टिक फैक्ट्री को करीब एक करोड़ की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

करमाटांड़ में निकली भव्य कलश यात्रा

बलियापुर। करमाटांड़ कुम्हार टोला में सप्ताह व्यापी श्रीश्री 1008 श्रीमद् भागवत कथा के ज्ञान यज्ञ शुरू हो गया। गुरुवार को गांव में भव्य कलश यात्रा निकल गयी। कलश यात्रा विभिन्न टोला में भ्रमण करते हुए ढांगी जोड़ियां पहुंचे। कलश में जल भरने के बाद कलश यात्रा में शामिल महिलायें व अन्य सभी श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मुख्य यजमान जयदेव कुंभकार, विभूति पंडित ने पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापना की। साध्वी कृष्णानंद जी महाराज द्वारा शाम को कथा प्रारम्भ किया। कलश यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, कमेटी के गुरूपद कुंभकार, नेपाल कुंभकार, बादल रवानी, विना. ेद कुंभकार, जयदेव कुंभकार, गोष्ठू कुंभकार, सुरेश कुंभकार, कन्हाई कुंभकार, टिंकू कुंभकार, कन्हैया कुंभकार, मनोज रवानी, विरोध कुंभकार व अन्य मौजूद थे।

हमें कर्म करना चाहिए: साध्वी कृष्णानंद

बलियापुर। करमाटांड़ में प्रथम दिन भागवत कथा में वृंदावन की कथा वाचिका साध्वी कृष्णानंद महाराज ने भागवत ग्रंथ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि साक्षात ईश्वर ने इस भागवत कथा का वर्णन अपने अमृतवाणी द्वारा किया है। यह कोई सामान्य ग्रंथ नहीं है ना कोई किताब है। यह ग्रंथ हमें बताता है कि मनुष्य की मनुष्यता क्या है और जो भी हम कर्म करते हैं। उसका भोग कर्म भोग हमको करना पड़ता है। भागवत कथा से मनुष्य नर से नारायण और नारी से लक्ष्मी बन सकती है। मौके पर गुरूपद कुम्भार, सुरेश कुंभकार, टिंकू कुंभकार, कन्हैया कुम्भकार, बादल रवानी, नेपाल कुम्भकार, कन्हाई कुम्भकार, मनोज रवानी, विरोध कुम्भकार, जयदेव कुम्भकार व अन्य थे।

10 वर्षीय सालिक के 17 रोजा रखने की तारीफ

महुदा। इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान चल रहा है। लोग अकीदत के साथ इबादत में समय गुजार रहे हैं और रोजा रख रहे हैं। रोजा रखने के मामले में छोटे बच्चे और बच्चियां भी बड़ों से पीछे नहीं है। मिल्लत मोहल्ला कांड्रा, काण्ड्रा पंचायत में साजिद शेख सहायक

अध्यापक के दस वर्षीय पुत्र सालिक ने रमजान माह की अबतक का सत्रह रोजा रखकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। वह रोजा रखने के साथ पांच वक्त का नमाज व कुरान भी पढ़ रहा है। बच्चे की इस जज्बे की सभी ने तारीफ की। घर के लोग भी काफी खुश दिखे और बच्चे को दुआएं दी। रिश्तेदार पड़ोस एवं शुभचिंतकों के रूप में सभी बधाई दे रहे है। बच्चे ने बताया कि उसे अपने घर वालों को देख रोजा रखने की प्रेरणा मिली और अबतक की रोजा रखकर वह काफी खुश है। सालिक ने बताया कि अपने पूरे रोजा को माँ-बाप, दादा-दादी, नाना-नानी को समर्पित करता हूं।

गांधी स्मारक उवि के संस्थापक को श्रद्धांजलि

महुदा। गांधी स्मारक उच्च विद्यालय के संस्थापक सह प्रधानाध्यापक स्वर्गीय गोपाल प्रसाद दसौंधी के प्रथम पुण्यतिथि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं शिक्षकों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। हवन पूजा करके प्रसाद वितरण कर भंडारा भी किया गया। मौके पर स्वर्गीय गोपाल दसौंधी के पुत्री प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी, जयदेव दसौंधी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रमेन्द्र सिंह, भागीरथ सिंह, सुरेश महतो, दिवाकर महतो, रघुपति दसौंधी, संतोष कुभ्भकार, संजय सिंह, विकास पाण्डेय, बिनोद सिंह, रूपा कुमारी, सुमन देवी, मंजू कुमारी, सोनी कुमारी, अबोध मिश्रा, ब्रह्मदेव ठाकुर, विक्की, सुरज दसौंधी, सिकंदर हुसैन, प्रेम रवानी, शिवलाल रवानी, प्रियांशु व अन्य थे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल

मैथन। मैथन ओपी अंतर्गत एन एच टू स्थित कालीमाटी ग्राम के समीप सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो नवयुवक घायल हो गये। उनका मोटरसाइकिल भी चकनाचूर हो गया। एक बाइक पर सवार दो नवयुवक मैथन से निरसा की तरु जा रहे थे, तभी एन एच टू पर कालीमाटी ग्राम के समीप उनकी बाइक एक कार की चपेट में आ गयी। दोनों घायल युवकों को एनएचएआई के एंबुलेंस से धनबाद के अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों घायल में एक मैथन निवासी सत्यनारायण राय का पुत्र, जबकि दूसरा युवक मैथन के ही पुरूषोत्तम पांडेय का पुत्र प्रत्युष पांडेय है।

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत
धनबाद-गया रेलखंड पर ट्रैक पार करने पर हादसा

कतरास। रंगुनी मल्लाह बस्ती के समीप धनबाद-गया रेलखंड पर रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से करीब 30 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। रंगुनी पंचायत के मल्लाह बस्ती के समीप रहने वाले ऋषि सिंह ऊं काजू की बहन रीमा देवी अपने घर से भूली शद्रि मार्केट शादी के लिए बाजार करने जा रही थी। रंगुनी के पुराना रेलवे फाटक के समीप ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन के चपेट में आ गयी। रीमा देवी का मौके पर ही निधन हो गया। घटना की सूचना स्थानीय ईस्ट बसुरिया पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची ईस्ट बसुरिया पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतक रीमा देवी तीन बच्चों को अपने पीछे छोड़ गयी। बड़ा पुत्र कुबेर कुमार 14 वर्ष, रिद्धि कुमारी 10 वर्ष और सिद्धि कुमारी 8 वर्ष की है। रीमा देवी अपने मायके में रह रही थी। भाई ऋषि सिंह की शादी समारोह की तैयारी को लेकर बाजार करने के लिए घर से निकली थी। तभी घटना की घटी।

नाबालिग प्रेमिका ने पी फिनाइल

लोयाबाद। बांसजोड़ा की रहने वाली एक नाबालिग प्रेमिका ने बुधवार को फिनाइल पी ली। वह अचेत हो गयी और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। घरवालों ने तत्काल उपचार के लिए मदनाडीह स्थित एक निजी क्लिनिक में ले गया। चिकित्सक नहीं रहने के कारण उसे तत्काल धनबाद बाइक से ले जाया गया। एक निजी नर्सिंग होम में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक परिजनों ने जब प्रेमी से मिलने से रोका, तो युवती द्वारा यह कदम उठाया गया। हालांकि इसी बात को लेकर इससे पहले भी वह एक बार जहर खा कर जान देने की कोशिश कर चुकी है। मोहल्लेवालों के मुताबिक युवती का पास के ही एक युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा है। युवती के घर वालों को जब जानकारी हुई, तो उसे डांटा फटकारा तथा घर से बाहर निकलने पर रोक लगा दिया। डांट-फटकार और प्रेमी से नहीं मिलने देने से परेशान होकर वह फिनाइल पीकर जान देने की कोशिश की।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
रणधीर वर्मा स्टेडियम में स्वीप कार्यक्रम में शामिल

धनबाद। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज धनबाद का दौरा किया। रणधीर वर्मा स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा वृहद स्तर पर स्वीप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को धनबाद में चुनाव होने है। इसमें सभी मतदाता बढ-चढ़कर हिस्सा ले और सशक्त लोकतंत्र के गठन में अपना योगदान दे। श्री कुमार ने कहा कि धनबाद, रांची एवं जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से बहुत कम रहा है। कई योग्य लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कराया है। कुछ मतदाता मतदान के दिन वोट डालने नहीं जाते। इस कारण मतदान प्रतिशत कम रहा है। आयोग के विश्लेषण के अनुसार इन शहरों में 75% से अधिक मतदान होना चाहिए। इसलिए मतदान के दिन सभी को अपनी भागीदारी दर्शानी चाहिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि बिना प्रलोभन एवं भयमुक्त होकर मतदान करें। अगर मन में किसी प्रकार का भय है, तो अपने क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट से संपर्क कर उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि सभी सार्वजनिक उपक्रम, श्रमिक संगठन, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सरकारी कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है। जहां सभी को अपना नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने, छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, मतदान के लिए प्रेरित करने, स्वीप एक्टिविटी करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कविता के लिए राज प्रिया सिंह, क्विज के लिए अदिती कुमारी, डार्ट गेम के लिए सुमन कुमारी, स्लोगन के लिए आस्था कुमारी, मेहंदी के लिए जूही कुमारी, ड्राइंग के लिए स्वाति रानी एवं रूपा चौहान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयक्त रविराज शर्मा ने सभी को लोकतंत्र में पूरी आस्था और लोकतांत्कि परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए, बिना किसी प्रलोभन तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सर्किट हाउस पहुंचे। सर्किट हाउस में उपायुक्त ने पौधा देकर उनका स्वागत किया। रणधीर वर्मा स्टेडियम पहुंचने पर तिलक लगाकर उनका अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम ला एंड आर्डर हेमा प्रसाद, निद. ेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, चुनाव आईकान श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, संतोषिनी मुर्मू सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

लोकसभा चुनाव: अपर समाहर्ता पहुंचे बलियापुर

बलियापुर। अपर समाहर्ता सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी विनोद कुमार गुरुवार को बलियापुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। अपर समाहर्ता श्री कुमार ने इस दौरान बलियापुर के बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा समेत क्षेत्र के बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ आसन लोकसभा चुनाव की

तैयारी के सिलसिले में समीक्षा बैठक की। बीडीओ श्री सिन्हा ने प्रखंडस्तर पर लोकसभा चुनाव को लेकर की गयी तैयारियों से संबंधित सभी प्रकार के प्रतिवेदन से अपर समाहर्ता श्री कुमार को अवगत कराया। अपर समाहर्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण होती है। सभी बीएलओ को छूटे हुए मतदाताओं को अविलंब मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रपत्र छह भरवाकर प्रविष्टि कराने, विलोपित किए जा रहे मतदाताओं के संबंध में नियमानुसार कारवाई करते हुए इसका अभिलेख एवं कार्यवाही तैयार करने का भी निर्देश दिया। मतदान केन्द्रों में निर्बंधित सभी वीआईपी वोटरों जैसे सांसद, विधायक एवं सम्मानित प्रतिनिधियों का नाम मिलान कर सत्यापित करने का निर्देश दिया। मतदाता सूची में एएसडी मतदाता को चिह्नित करने, 85 प्लस के मतदाता, पीडब्लूडी मतदाताओं को सूचीबद्ध कर सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करवाने, सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। बलियापुर बीडीओ ने भी प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।